भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2420

दिनांक 13 फरवरी, 2014 को उत्तर देने के लिए

आधार कार्डों के संबंध में उच्चतम न्यायालय का दृष्टिकोण

2420. श्री पलवई गोवर्धन रेड्डी:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आधार से जुड़ी हुई योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उच्चतम न्यायालय ने आधार कार्ड की वैधता पर सवाल उठाया है;

(ग) क्या उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को अपने आदेश पर प्रत्युत्तर देने का निदेश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो विभिन्न सरकारी योजनाओं से आधार कार्डों को जोड़े जाने के संबंध में राज्यों, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रत्युत्तर का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री-संसदीय कार्य और योजना

(श्री राजीव शुक्ल)

(क) : भारत सरकार के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण कार्यक्रम में शामिल की गईं, आधार से जुड़ी स्कीमों की सूची अनुलग्नक में दी गई है। अन्य स्कीमों, जिनमें निवासियों की पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार से जोड़ना शामिल हो सकता है, का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

(ख) और (ग): उच्चतम न्यायालय के समक्ष कुछ रिट याचिकाएं दायर की गई हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ, आधार स्कीम की वैधता से संबंधित प्रश्न भी शामिल हैं, इन मामलों में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्देश दिया है कि सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों पर प्रतिवादियों के रूप में मुकदमा चलाना होगा।

(घ): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल किए गए शपथ-पत्र के अनुसार राज्य सरकार ने यह पाया है कि लाभ की प्रदायगी को सरल एवं कारगर बनाने और लीकेज रोकने के लिए आधार एक कारगर साधन है।

अनेक अन्य राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों जैसे कि दिल्ली, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, पुदुचेरी और चंडीगढ़ ने निवासियों को सामाजिक सेवा संबंधी लाभ की प्रदायगी में आधार की उपयोगिता को उजागर करते हुए इसी तर्ज पर अपने शपथ-पत्र दाखिल किए हैं।

***

<u>अनुलग्नक</u>

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के तहत स्कीमों का ब्यौरा

मंत्रालय का नाम	**स्कीम का नाम**
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना (आईजीएमएसवाई)
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग	माध्यमिक शिक्षा के लिए बालिका के लिए राष्ट्रीय प्रोत्साहन स्कीम
	राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति
उच्चतर शिक्षा विभाग	एआईसीटीई की फैलोशिप स्कीमें
	यूजीसी की फैलोशिप स्कीमें
	विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई)
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम
	मौलाना आजाद राष्ट्रीय फैलोशिप
	अल्पसंख्यकों के लिए योग्यता सह साधन छात्रवृत्ति
श्रम और रोजगार मंत्रालय	एनसीएलपी
	बीड़ी कामगारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति
	बीड़ी कामगारों को आवास सब्सिडी
	शिक्षण, मार्गदर्शन और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से, अ.जा./अ.ज.जा. के रोजगार चाहने वालों के कल्याण संबंधी स्कीम के तहत प्रशिक्षुओं को वजीफा
	वामपंथ उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से ग्रस्त 34 जिलों में कौशल विकास स्कीम के तहत प्रशिक्षुओं को वजीफे का भुगतान
जनजातीय कार्य मंत्रालय	अ.ज.जा. के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
	टॉप क्लास शिक्षा स्कीम
	राजीव गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय	अ.पि.व. के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
	अ.जा. छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
	अ.जा. के छात्रों की योग्यता का उन्नयन
	अस्वच्छ व्यवसाय में कार्यरत लोगों के बच्चों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
	अ.जा. छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
	अ.जा. के छात्रों के लिए टॉप क्लास शिक्षा स्कीम
ग्रामीण विकास मंत्रालय	इंदिरा गांधी विधवा पेंशन स्कीम
	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अशक्तता पेंशन स्कीम
	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन स्कीम
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	एलपीजी सब्सिडी में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण